आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 25.03.2026
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने प्रदेशभर में 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प का किया आह्वान।
- चार धाम तीर्थयात्रा की तैयारियां तेज। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सर्वोच्च सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता।
- उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में ए.आई विषय पर कार्यशाला आयोजित; आपदा प्रबंधन में तकनीक के उपयोग पर जोर।
- देहरादून के परेड ग्राउंड में ऑटोमेटेड पार्किंग का लोकार्पण, शहर की यातायात व्यवस्था को मिलेगा लाभ।

**''टीबी मुक्त भारत'' सघन अभियान शुभारंभ**

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने लोक भवन, देहरादून में कल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उत्तराखण्ड द्वारा विश्व टीबी दिवस के अवसर पर 100 दिवसीय सघन टीबी उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया।

राज्यपाल ने ''टीबी मुक्त भारत'' अभियान को जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि टीबी उन्मूलन के लिए जनभागीदारी और सामूहिक संकल्प आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कार्य कर रहे लोगों और संस्थाओं के प्रयासों से उत्तराखण्ड अग्रणी राज्यों में शामिल है।

राज्यपाल ने अभियान के 100 दिनों को महत्वपूर्ण बताते हुए जागरूकता बढ़ाने और तय लक्ष्यों को समय पर पूरा करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि लोगों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहना होगा और क्षय रोग से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना जरूरी है।

कार्यक्रम के दौरान मोबाइल वैन को भी रवाना किया गया और निक्षय मित्रों के साथ टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ज़िलों तथा टीबी से स्वस्थ हुए लोगों को सम्मानित किया गया।

**सुरक्षित चारधाम यात्रा**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि आगामी चारधाम यात्रा को सुचारू, सुरक्षित और व्यवस्थित बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़कों के सुदृढ़ीकरण, अवस्थापना सुविधाओं के विकास, दर्शन व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन और परिवहन व्यवस्थाओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को यात्रा मार्गों पर पेयजल, शौचालय, स्वास्थ्य सेवाएं और यातायात प्रबंधन जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं।

श्री धामी ने यह भी बताया कि वर्ष 2026 की चार धाम यात्रा के लिए अब तक गढ़वाल मंडल विकास निगम के अतिथि गृहों में 5 करोड़ रुपये से अधिक की अग्रिम बुकिंग हो चुकी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास है कि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो और सभी को सुरक्षित एवं सुखद यात्रा का अनुभव मिले। इसके लिए व्यवस्थाओं की नियमित समीक्षा के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यात्रा से जुड़े हितधारकों के साथ समन्वय स्थापित किया गया है, ताकि बेहतर सेवाएं सुनिश्चित की जा सकें।

**सेमिनार**

कुमाऊं क्षेत्र में मानव तस्करी रोधी और बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाने के उद्देश्य से अल्मोड़ा में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें कुमाऊं के पांचों ज़िलों के संगठनों ने भाग लिया।

इस दौरान पुलिस, एसएसबी, आईटीबीपी और विभिन्न ज़िलों के मानवाधिकार संगठनों व बाल संरक्षण समिति के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया। वक्ताओं ने मानव तस्करी, महिलाओं और बच्चों पर होने वाले उत्पीड़न, सामाजिक बुराइयों और साइबर अपराधों के विषय में जानकारी दी। साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में मानव तस्करी रोकने और जागरूकता अभियान चलाने पर चर्चा की गई।

आईटीबीपी के पुलिस उप महानिरीक्षक रवि पण्डिता ने कहा कि इस तरह के सेमिनार से भविष्य में होने वाली घटनाओं पर रोक लगाने में मदद मिलेगी और आपसी समन्वय से मानव तस्करी पर नियंत्रण पाया जा सकेगा।

## कार्यशाला

देहरादून स्थित उत्तराखण्ड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस–ए.आई विषय पर कार्यशाला आयोजित का आयोजन किया गया। इसका उद्देश्य आपदा प्रबंधन में नई तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देना और अधिकारियों को एआई के जिम्मेदार उपयोग के प्रति जागरूक करना था। एक रिपोर्ट–

**कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कहा ए.आई से आपदा प्रबंधन में नवाचारों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि एआई को सहयोगी के रूप में अपनाया जाना चाहिए। इसके माध्यम से मौसम आधारित अलर्ट, भूस्खलन और बाढ़ जैसी आपदाओं का पूर्वानुमान लगाया जा सकता है और वास्तविक समय में प्राप्त डेटा के आधार पर त्वरित निर्णय लिए जा सकते हैं।**

**श्री सुमन ने बताया कि एआई के जरिए जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान, संसाधनों का बेहतर प्रबंधन और सैटेलाइट व ड्रोन डेटा के विश्लेषण से प्रभावित क्षेत्रों का आकलन तेजी से किया जा सकता है, जिससे राहत और बचाव कार्य अधिक प्रभावी बनते हैं।**

**कार्यशाला में प्रतिभागियों को एआई की मूल अवधारणा और विभिन्न प्लेटफॉर्म के उपयोग की जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि एआई आधारित कम्युनिकेशन सिस्टम के जरिए आम जनता तक समय पर सही जानकारी पहुंचाई जा सकती है, जिससे अफवाहों पर नियंत्रण और जागरूकता बढ़ाने में मदद मिलती है।**

**आकाशवाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से अमित सुन्द्रियाल**

## ऑटोमेटेड पार्किंग लोकार्पण

देहरादून में आम जन की सुविधा के लिए परेड मैदान में ऑटोमेटड पार्किंग की व्यवस्था की गई है। 111 वाहनों की क्षमता वाली यह पार्किंग लगभग चार करोड़ बहत्तर लाख रुपए की लागत से बनाई गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कल इस पार्किंग को जनता को समर्पित किया।

शहर में बढ़ते यातायात दबाव को कम करने और व्यवस्थित पार्किंग सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा यह व्यवस्था विकसित की गई है। इसके तहत परेड ग्राउंड, तिब्बती मार्केट और कोरोनेशन क्षेत्र में ऑटोमेटेड पार्किंग स्थापित की गई है।

इन पार्किंग सुविधाओं के साथ नागरिकों की सुविधा के लिए फ्री सखी कैब सेवा भी संचालित की जा रही है, जिसके माध्यम से वाहन खड़ा करने वाले लोगों को नजदीकी क्षेत्रों तक निःशुल्क आवागमन की सुविधा मिल रही है।

इसके अलावा शहर में सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने के लिए जल्द ही ईवी मिनी बस शटल सेवा शुरू करने की तैयारी है, जिससे पार्किंग स्थलों से प्रमुख स्थानों तक आवागमन आसान हो सकेगा।

जिला प्रशासन का कहना है कि इस पहल से शहर में यातायात व्यवस्था में सुधार होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी।

## आपूर्ति

केंद्र सरकार ने आश्वासन दिया है कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त भंडार है और एलपीजी का घरेलू उत्पादन बढ़ा दिया गया है तथा सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने पश्चिम एशिया घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में लोगों से अफवाहों पर विश्वास नहीं करने का आग्रह किया।

## विशेष साप्ताहिक ट्रेन

नैनीताल ज़िले के लालकुआं से गोरखपुर होते हुए कोलकाता के लिए रेलवे द्वारा 2 अप्रैल से 25 जून तक विशेष ग्रीष्मकालीन साप्ताहिक रेलगाड़ी का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन कुल 13 फेरों के लिए चलाई जाएगी।

यह रेलगाड़ी प्रत्येक गुरुवार को अपराह्न 1 बजकर 35 मिनट पर लालकुआं से रवाना होगी और अगले दिन पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर कोलकाता पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन 4 अप्रैल से 27 जून तक प्रत्येक शनिवार को प्रातः 5 बजे कोलकाता से चलकर अगले दिन अपराह्न 3 बजकर 45 मिनट पर लालकुआं पहुंचेगी।

इस ट्रेन में शयनयान और वातानुकूलित श्रेणी के छह–छह कोचों सहित कुल 18 कोच लगाए जाएंगे।

## नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर...

हिन्दू, सिख या बौद्ध के अलावा दूसरा धर्म अपनाया तो एस.सी दर्जा खत्म– हिन्दुस्तान समाचार पत्र इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– धर्मांतरण के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनाया एतिहासिक फैसला।

चारधाम यात्रा की खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हवाले से लिखता है– तीर्थयात्रा में सभी श्रद्धालुओं को कराए जाएंगे दर्शन, अधिकारियों को दिए व्यवस्थाएं पूरी करने के निर्देश।

एलपीजी गैस सिलेंडर की किल्लत की खबर पर अमर उजाला मुख्यमंत्री धामी के हवाला से लिखता है– एकजुटता से करना होगा चुनौती का समाना, रेस्टोरेंट पहुंचकर रसोई गैस की आपूर्ति का लिया जायाज, होटल संचालकों से की बातचीत।

देहरादून का माहौल खराब करने वाले जाएंगे जेल– दैनिक जागरण इस शीर्षक के साथ खबर में लिखता है– छात्र गुटो में मारपीट और एक युवक की मौत के बाद प्रेमनगर क्षेत्र में पुलिस ने चलाया सत्यापन और चेकिंग अभियान।